पत्र संख्या-स्था-5(ग) सामान्य संघ पत्रावली-2023-24// 5138 //वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर, वाणिज्य कर, उ0प्र0
(स्थापना अराजपत्रित अनुभाग)
लखनऊ :: दिनांक 20.2 2024

-::कार्यालय ज्ञाप::-

प्रान्तीय महामंत्री, उत्तर प्रदेश राज्य कर वैयक्तिक सहायक / आशुलिपिक सेवा संघ, उ0प्र0 के माँग पत्र संख्या संख्या 76 दिनॉक 07.02.2024 एवं अन्य जोनल संघों के माँग पत्रों पर सम्यक विचारोपरान्त उत्तर प्रदेश राज्य कर वैयक्तिक सहायक/आशुलिपिक सेवा संघ, उ0प्र0 का प्रान्तीय अधिवेशन दिनांक 01 व 02 मार्च, 2024 (शुक्रवार एवं शनिवार) को उक्त तिथियों का विशेष आकस्मिक अवकाश स्वीकृत करते हुए जनपद कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश में कराये जाने की अनुमति इस शर्त के साथ प्रदान की जाती है कि यदि उक्त तिथियों से पूर्व आदर्श आचार संहिता लागू हो जाती है तो उक्त तिथियाँ आगे बढ़ा दी जायेंगी।

उक्त दिनांक को इच्छुक सदस्य अपने नियंत्रक अधिकारी से अवकाश स्वीकृत कराने एवं मुख्यालय छोड़ने की अनुमति प्राप्त करने के उपरान्त अधिवेशन में सम्मिलित होना सुनिश्चित करें। यह भी ध्यान में रखा जाये कि उक्त तिथियों में अवकाश के कारण राजकीय कार्य में बाधा उत्पन्न न हो। कृपया इस आशय की सूचना एसोसिएशन के स्थानीय पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी दे दें और इस आलेख की प्रति अपने कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी तुरन्त चस्पा करा दें।

उक्त आदेश आयुक्त , राज्य कर उत्तर प्रदेश से प्राप्त अनुमोदन के क्रम में जारी किया जा रहा है।

(रिया केजरीवाल)
अपर आयुक्त , राज्य कर
प्रभार- अपर आयुक्त (प्रशासन) राज्य कर
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पृष्ठांकन पत्र संख्या एवं दिनांक उक्त।

प्रतिलिपि-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1- जिलाधिकारी, कानपुर नगर।
2- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, कानपुर नगर।
3- वरिष्ठ स्टॉफ ऑफिसर, आयुक्त कैम्प, राज्य कर, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
4- समस्त जोनल अपर आयुक्त, राज्य कर, उत्तर प्रदेश।
5- अपर निदेशक (प्रशिक्षण) राज्य कर, उत्तर प्रदेश, लखनऊ
6- अपर आयुक्त,ग्रेड-2 (उच्च न्यायालय कार्य) राज्य कर, इलाहाबाद/लखनऊ।
7- समस्त अपर आयुक्त, ग्रेड-2, राज्य कर, उत्तर प्रदेश।
8- संयुक्त आयुक्त (सर्वोच्च न्यायालय कार्य) राज्य कर, गाजियाबाद।
9- समस्त संयुक्त आयुक्त, राज्य कर, उत्तर प्रदेश।
10- संयुक्त आयुक्त (आई0टी0) राज्य कर, मुख्यालय को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड कराने हेतु।
11- समस्त उप आयुक्त (प्रशासन)/ सहायक आयुक्त (ए) राज्य कर, उत्तर प्रदेश।
12- प्रान्तीय अध्यक्ष (बरेली)/ महामंत्री (कानपुर) उत्तर प्रदेश राज्य कर, वैयक्तिक सहायक/ आशुलिपिक सेवा संघ, उत्तर प्रदेश।

20.2.24

(प्रबल कुमार)
ज्वाइन्ट कमिश्नर (स्था0अराज0) वाणिज्य कर
मुख्यालय, लखनऊ।

D.C.(I.T.) 21/02/2024 13083

D:\Desktop 5gha\Steno Sangh file.doc